अग्रवाल कॉलेज में अंतरक्षेत्रीय युवा महोत्सव के विजेता टीम इनचार्ज और प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

दिनांक 26-11-2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में 18 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित हुए तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय युवा महोत्सव (इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल) जिसमें 3 स्वर्ण और 7 कांस्य पदक जीतने पर सभी विजेता टीमों के इंचार्ज और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गर्वनिंग बॉडी) एवं सम्मानित अतिथि श्री दिनेश कुमार गुप्ता (जनरल सेक्रेटरी अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गर्वनिंग बॉडी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने अतिथियों का पुष्प कुछ द्वारा स्वागत करते हुए सभी विजेता टीम इंचार्ज और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी विजेता टीम इंचार्ज और प्रतिभागियों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह हर कदम पर उनके साथ हैं।सभी के प्रयास बेहतर रहे हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगामी होने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव में भी हमारा प्रदर्शन इससे भी बेहतर रहेगा। सम्मानित अतिथि श्री दिनेश कुमार गुप्ता ने भी विजेता टीम इंचार्ज और सभी प्रतिभागियो को जीत को सामूहिक कोशिशो का सफल परिणाम बताया।

अंतरक्षेत्रीय युवा महोत्सव (इंटरजोनल यूथ फेस्टिवल)के प्रतिभागियों को सम्मानित करने के पश्चात टीम इनचार्ज डॉ डिंपल, डॉ प्रिया अरोड़ा, डॉ पूजा सैनी, डॉ रेखा सेन, श्री लवकेश, डॉ प्रवीण गुप्ता, डॉ सीमा मलिक, मिस प्रीति शर्मा, डॉ पूनम रौतेला और मिस अनीता के साथ ही श्री सौरभ गुप्ता एवं निर्देशक के रूप में श्री आनंद भाटी श्री सचिन हुड्डा एवं श्री जितेंद्र गौतम को भी सम्मानित किया गया।

प्रबंध संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा एवं उपसचिव डॉ शिल्पा गोयल को भी कुशल प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया।